ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
आईसीएआर - केंद्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान
जोधपुर, राजस्थान

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 23-04-2024

जोधपुर(राजस्थान) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2024-04-23 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2024-04-24	2024-04-25	2024-04-26	2024-04-27	2024-04-28
वर्षा (मिमी)	0.0	0.0	1.0	0.0	0.0
अधिकतम तापमान(से.)	38.0	38.0	39.0	38.0	37.0
न्यूनतम तापमान(से.)	24.0	23.0	23.0	24.0	23.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	22	30	39	21	33
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	8	11	18	13	11
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	5	17	22	23	17
पवन दिशा (डिग्री)	161	217	234	244	271
क्लाउड कवर (ओक्टा)	0	4	6	0	0

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में अधिकतम तापमान 37.0 से 39.0 डिग्री सेंटीग्रेड और न्यूनतम तापमान 23.0 से 24.0 डिग्री सेंटीग्रेड रहने की सम्भावना।

सामान्य सलाहकार:

कपास की बुवाई का उपयुक्त समय 15 मई तक है अतः किसान भाई कपास की बुवाई के लिए खाद, बीज तथा बीज उपचार हेतू रसायन की व्यवस्था करें।

लघु संदेश सलाहकार:

26 अप्रैल को बादल छाए रहने के साथ कहीं कहीं पर हल्की वर्षा की सम्भावना है।

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
कपास	देशी कपास की आर.जी-8, आर.जी.-18, राज.डी.एच.-9, आर.जी.-542, एच.डी.-123। अमेरिकन कपास की बीकानेरी नरमा, गंगानगर अगेती, आर.एस.टी-9, आर.एस.-2013, आर.एस.-810, आर.एस.-875, मरू विकास आदि उन्नत किस्मों की व्यवस्था करें।
कपास	कपास की फसल को बीज जनित रोगों से बचाने के लिए एक ग्राम स्ट्रेप्टोसाइक्लिन का 10 लीटर पानी में घोल बनाकर बीज उपचारित करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
टमाटर	टमाटर में फल छेदक के प्रकोप से फल सड़ जाते है जिससे उत्पादन में कमी आ जाती है। इसके नियंत्रण हेतु इंडोक्साकार्ब 5 एस.सी. 500 मि.ली. का प्रति हैक्टेयर की दर से छिडकाव करें।
भिण्डी	भिण्डी की फसल में रेड माईट का प्रकोप दिखाई देने पर नियंत्रण के लिए मिथाइल डिमेटोन 25 ई.सी. एक मि.ली का प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।
तरबूज़	खरबूजा व तरबूज की फसल में फल मक्खी का प्रकोप दिखाई देने पर मैलाथियान 50 ई.सी. 1 मिली लीटर प्रति लीटर पानी की दर से छिडकाव करें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
गाय	दुघारू पशुओं को थनैला रोग से बचाने के उपाय करे। पशुओ क खुरपका-मुहपका रोग से बचाव का टीका लगवाएं एंव पशुओं को अच्छी गुणवत्ता वाला पेयजल उपलब्ध कराएं।

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह:

अन्य (मृदा / भूमि तैयारी)	अन्य (मृदा / भूमि तैयारी) विशिष्ट सलाह
सामान्य सलाह	किसान भाई मिर्च, बैंगन, टमाटर, कुष्माण्ड कुल आदि सब्जियों में खरपतवार नियंत्रण के लिए समय-समय पर निराई गुडाई करें।
सामान्य सलाह	किसान भाई गहाई के बाद फसल उत्पाद को धूप में नमी की मात्रा 10% से कम होने तक सुखाएँ तथा धूप में अच्छी तरह सुखी हुई साफ बोरियों या ड्रमों में भंडारित करें।